# सब्जी वाहन की आड़ में गांजा की तस्करी, 2 तस्कर सरिया पुलिस के हाथ आये

» आरोपियों से 01 क्विंटल 35 किलो गांजा, टाटा छोटा हाथी वाहन और 03 मोबाईल जप्त » जप्त गांजा की कीमत 6.75 लाख रूपये, सरिया टी.आई. वासनिक एवं टीम की कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़। ओडिशा राज्य से सरिया थाना क्षेत्र के मार्गो में पुलिस की सक्रियता को देखकर गांजा तस्कर नित्य नए-नए तरकीब गांजा परिवहन के लिए अजमा रहे हैं**




किंतु सरिया थाना प्रभारी निरीक्षक आशीष वासनिक द्वारा तैनात किए गए? मुखबीर एवं स्टाफ की सक्रियता से तस्करों का प्रयास कई बार असफल होते देखा गया है और हुआ भी यूं ही कि आज दिनांक 15.02.2020 के सुबह थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक आशीष वासनिक को उनके मुखबिर से सूचना मिली कि ओडिशा से सब्जी वाले वाहन में गांजा पार होने की संभावना है जिस पर उड़ीसा- सरिया मार्ग रामचंडी मंदिर के पास थाना प्रभारी सरिया अपने स्टाफ के साथ नाकेबंदी किए साथ ही ओडिशा बॉर्डर के पास भी अपने स्टाफ व मुखबीर तैनात कर रखे थे। दोपहर, गाड़ी के निकलने की सूचना पर नाकेबंदी में तैयार खड़े स्टाफ द्वारा सामने से आते हुए छोटा हाथी वाहन टाटा सुपर ष्टश्च क्क50 क्क्ष- 2329 जिसमें टमाटर वाले कैरेट रखे हुए थे जिसे पहली बार देखकर कोई भी धोखा खा सकता था किंतु गाड़ी के ट्राले के नीचे एक गुप्त बॉक्स आरोपियों द्वारा बनाया गया था।

जिसे खुलवाकर चेक करने पर गांजा के 1-1 किलो के बने पैकेट मिले जिसका वजन करीब 1 क्विंटल 35 किलो है जिसकी अनुमानित कीमत 6,75,000 तथा टाटा वाहन की कीमत ?6,00,000 है। आरोपियों की जामा तलाशी पर उनके पास से 03 मोबाइल भी जप्त किए गए हैं। आरोपियों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं इस धंधे में पहली बार हाथ आजमा रहे हैं। आरोपियों ने अपना नाम 1-दीपक पिता योगेंद्र मौर्य 20 वर्ष निवासी थाना पवई 2- रविप्रकाश पिता रोशन लाल चमार 25 वर्ष पवई दोनो जिला आजमगढ़ क्क बताये हैजिनके के विरुद्ध थाना सरिया में अपराध क्रमांक 10/2020 धारा 20 बीएनडीपीएस एक्ट की कार्यवाही की गई है। कार्यवाही में थाना प्रभारी सरिया निरीक्षक आशीष वासनिक एवं उनके हमराह स्टाफ की विशेष भूमिका रही है।

## खाकी वर्दी के पीछे दिखा पुलिस अधीक्षक का कोमल हृदय

» अपनी सख्त कार्रवाई के लिए देखें जानें वाले एसपी संतोष सिंह ने दिखाई मानवता

» निगरानी से माफी बदमाश की श्रेणी में लाए गए वृद्ध व्यक्ति की व्यथा देख भावुक हुए

» वृद्ध के सम्मानजनक जीवन यापन की कराई व्यवस्था



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** रायगढ़ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह अपनी सख्त व दमदार कार्यवाही के लिए पूरे प्रदेश में जाने जाते हैं किंतु एक खाकी वर्दी के पीछे उदार व कोमल हृदय भी होता है, यह उस वक्त देखने को मिला जब पुलिस चौपाल खरसिया में निगरानी, गुंडा बदमाशों की परेड कराई गई। पुलिस प्रणाली में सीआरपीसी एवं पुलिस रेग्युलेशन के अनुसार कार्यवाही की जाती है, आरोपियों के अपराधिक इतिहास वृत्त को देखकर निगरानी बदमाश की श्रेणी में लाया जाता है जिसे एक अंतराल बाद बदमाश के जीवन यापन को देखते हुए उसे माफी श्रेणी के विभिन्न वर्गों में लाए जाने के नियम हैं।

पुलिस चौपाल खरसिया में दिनांक 11.02.2020 को थाना खरसिया अंतर्गत ग्राम कुनकुनी पर निवासरत गांडा साय पिता धनीराम साय उम्र 70 वर्ष जो पूर्व में संपत्ति संबंधी अपराधों में संलिप्त होने पर उसे निगरानी बदमाश की श्रेणी में रखा गया था , 10-12 वर्षो से बदमाश अपराधों में संलिप्त नहीं होने से उसे वर्तमान में माफी बदमाश की श्रेणी में रखा गया है। निगरानी बदमाशों की परेड दौरान जब गाड़ा साय को पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के समक्ष हाजिर कराया गया तब पुलिस अधीक्षक ने उसके जीवनापार्जन आदि के संबंध में पूछताछ किए। गांड़ा साय ने पुलिस अधीक्षक को अपने करुणा स्वर में बताया कि वर्तमान में उसकी पत्नी, बच्चे नहीं है भीख मांग कर जीवन यापन कर रहा हूं। इतना सुनने के बाद पुलिस अधीक्षक भावुक हो गए। पुलिस अधीक्षक सिंह ने थाना प्रभारी खरसिया से बदमाश के संबंध में जानकारी ली गई। थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक एस.आर. साहू ने बताया कि अभी गांड़ा साय किसी भी प्रकार के वारदात में सम्मिलित नहीं है ना ही इसके संबंध में कोई शिकायत मिली है। प्रक्रिया अनुसार माफी श्रेणी में रखा गया है पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा गाड़ा साय की स्थिति व्यथा को देखते हुए थाना प्रभारी खरसिया निरीक्षक साहु को गांड़ा साय की सम्मानजनक जीवन यापन करने की व्यवस्था कराने को बोले , जिस पर निरीक्षक साहु द्वारा उसके गांव के कुनकुनी के समीप जनरल वेदांता कंपनी के अधिकारियों से संपर्क कर गांड़ा साय को प्यून की नौकरी में ?4000 प्रतिमाह मेहताना में रखवाया गया है। गाड़ा साय एवं उसके जान परिचित के लोगों ने पुलिस अधीक्षक को हृदय से दुआएं देते हुए खरसिया पुलिस को साधुवाद दे रहे हैं।

## खरसिया में लगी पुलिस चौपाल में मिली शिकायतों पर एसडीओपी खरसिया ने कराई कार्यवाही

» अवैध शराब व एनएच पर खतरनाक तरीके से खड़ी गाडियों पर अभियान चलाकर की गई कार्यवाही





» 9 लोगो से 95 लीटर कच्ची महुआ शराब व बिक्री रकम जप्त

» एनएच पर खतरनाक तरीके से खड़ी करने वाले 11 वाहन चालकों पर प्राथमिकी दर्ज

वाहनों की जांच में ओव्हर लोड तथा तेज गति वाहन चलाने वालों पर एमव्ही एक्ट के तहत कार्यवाही

» पुलिस अधीक्षक के समक्ष चौपाल में शिकायतकर्ताओं ने शराब बिक्री और बेतरतीन वाहन खड़ी करने की मिली थी शिकायतें

»पुलिस अधीक्षक द्वारा एसडीओपी खरसिया को दिया गया था कार्यवाही कराने के निर्देश

» एसडीओपी खरसिया ने अनुविभाग के थाना खरसिया, छाल, भूपदेवपुर और चौकी प्रभारी के साथ मिलकर चालाये अभियान

» चौपाल में मिली हर शिकायतों पर जारी है कार्यवाही

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह द्वारा खरसिया दिनांक 11.02.2020 को अनुविभाग में आने वाले थानों की समीक्षा बैठक लेकर चौकी खरसिया के पीछे खुले मैदान में पुलिस चौपाल लगाया गया था। चौपाल में खरसिया शहर के जनप्रतिनिधि, आमजन तथा मीडिया साथी काफी संख्या में उपस्थित हुये थे। जनप्रतिनिधि एवं आमजन द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय के समक्ष क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री एवं खुले में शराब पीने की शिकायतें की गई थी तथा भारी वाहनों के चालकों द्वारा एनएच पर खतरनाक तरीके से वाहन गड़ी कर रखने से दुर्घटना की संभावना ज्यादा होती है पुलिस अधीक्षक महोदय के संज्ञान में लाया गया। जिस पर एसपी सर द्वारा एसडीओपी खरसिया पिताम्बर पटेल को अभियान चलाकर अवैध शराब एवं एनएच पर बेतरतीब वाहन खड़े करने वालों पर सख्त कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए, निर्देशों के परिपालन में एसडीओपी खरसिया पिताम्बर पटेल द्वारा उपरोक्त कार्यवाही से थाना प्रभारी खरसिया, भूपदेवपुर, छाल एवं चौकी प्रभारी खरसिया, जोबी को ब्रीफ कर स्वयं अपने दिशा निर्देशन पर कार्यवाही कराये। इस अभियान में चौकी खरसिया पुलिस द्वारा अवैध शराब बिक्री करने वालों पर अभियान चलाकर कार्यवाही किया गया जिसमें अंजोरीपाली, तेलीकोट यादव मोहल्ला में कुल 11 ठिकानों पर कार्यवाही की गई। 09 आरोपियों के पास से 95 लीटर कच्ची महुआ शराब व बिक्री रकम जप्त किया गया है। 02 व्यक्ति संतोष यादव व विष्णु यादव तेलीकोट यादव मोहल्ला में सार्वजनिक स्थान पर शराब पीते पकड़े गए जिनके विरुद्ध धारा 36 (च)(1) आबकारी एक्ट की कार्यवाही की गई है। थाना भूपदेवपुर एवं छाल अन्तर्गत आने वाले मुख्य मार्गों में बिना इंडिकेटर एवं खतरनाके तरीके से खडे किये गये वाहनों को मार्ग से हटवाते हुए थाना परिसर में लाकर खड़ा ऐसे 11 चालाकों पर धारा 283 आईपीसी के तहत कार्यवाही की गई है एवं चालकों को समझाईस दी।

वाहनों के जांच दौरान थाना प्रभारी खरसिया, छाल एवं भूपदेवपुर द्वारा तेज गति तथा ओव्हर लोड पकड़े गए 30 वाहनों पर एमव्ही एक्ट के विभिन्न धारों पर कार्यवाही किया गया है। जिसमें कोयला परिवहन के दौरान 07 ओव्हर लोड वाहन शामिल है। चौपाल दौरान शिकायतकर्ताओं से मिले प्रत्यके शिकायत/सुझावों पर खरसिया पुलिस अनुविभाग में कार्यवाही जारी है।

## किराना दुकान पर लूटपाट कर भाग रहे आरोपियों को कापू व धरमजयगढ़ पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा



» दो आरोपी गिरफ्तार, घटनास्थल पर छोड़ भागे इको वाहन

» फरार आरोपियों की पतासाजी में जुटी धरमजयगढ़ अनुविभाग की पुलिस

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कापू क्षेत्रान्तर्गत कापू डोकरी मंदिर के पास किराना दुकान में इको वाहन में लूटपाट कर भाग रहे आरोपीगण को कापू थाना प्रभारी निरीक्षक चमन सिन्हा की सूझबूझ और तत्काल कार्यवाही से धरमजयगढ़ पुलिस के साथ संयुक्त कार्यवाही कर दो आरोपियों को पकड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक प्रार्थी होरीलाल शासकीय मध्यमिक स्कूल बैरागी में प्रधान अध्यापक है तथा घर में किराना का दुकान खोल रखा है। दिनांक 13-14 फरवरी की रात करीबन 3 बजे प्रार्थी होरीलाल दिनकर पिता शोभित राम दिनकर निवासी कापू हमराह 4-5 अन्य के साथ आकर थाने में सूचना दिया कि मारुति इको वाहन क्रमांक सीजी-13एफ 8539 में 8-9 अज्ञात व्यक्ति राजश्री गुटखा लेना है कहकर रात में करीबन 2 बजे दुकान खुलवाया और दुकान खोलने पर 4-5 लोग दुकान के अंदर घुस गए और 3-4 लोग बाहर खड़े थे। अंदर घुसे आरोपीगण प्रार्थी के गले मे चाकू अड़ाकर पैसा ,सोना चांदी की मांग करने लगे, आवाज सुनकर प्रार्थी की पत्नी दीपा एवं पुत्र विवेक,सागर लड़की ज्योती वहां पहुचे तो उनके ऊपर भी गले मे चाकू टिकाकर पैसा के लिए धमकाने लगे और प्रार्थी की पत्नी दीपा दिनकर के साथ हल्ला न करने की चेतावनी देकर उसके साथ मारपीट कर प्रार्थी के परिवार वालों के पास रखे तीन मोबाइल जिसमे 2 वीवो और एक 10 ह्क्र मोबाइल अपने पास जब्त कर लिए।

## पत्नीहंता जेल दाखिल, शराब की लत बनी घटना की वजह

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** चक्रधरनगर राइनो को दिनांक 14.02.2020 के दोपहर करीब 01:40 बजे केलोबिहार में मारपीट का इवेंट मिला। इवेंट पर केलोबिहार राम लाल स्वर्णकार के मकान क्रमांक 58/960 में पहुंचे स्टाफ ने वहां रहने वाली महिला कांतिबाई कन्नौजे पति लक्ष्मी प्रसाद कन्नौजे उम्र 55 वर्ष का शव घर अंदर पड़ा मिला। डॉयल 112 स्टाफ द्वारा इसकी सूचना थाने में दी गई। मौके पर जांच, तस्दीक के लिये आये स्टाफ को मृतिका के पडोसी ने बताया कि रामलाल स्वर्ण के घर में करीब 3, 4 माह पहले से लक्ष्मी प्रसाद कन्नौजे अपने पत्नी बेटा एवं बहु नवनीत के साथ किराये से रहा रहा है जो पीडब्ल्यूडी विभाग में ड्रायवरी करता है। लक्ष्मी प्रसाद कन्नौजे हमेशा अपनी पत्नी एवं बेटे से शराब के नशे में लड़ाई झगड़ा करते रहता था एवं अपनी पत्नी कांति बाई कन्नौजे को हमेशा हाथ मुक्का से मारपीट करता था। दिनांक 13.02.2020 को लड़ाई झगड़ा से परेशान होकर उसका लड़का अपनी पत्नी बच्चों को लेकर अपने गांव चला गया था। घर में मृतिका कांति बाई कन्नौजे व उसका पति लक्ष्मी प्रसाद कन्नौजे थे जो दिनांक 14.02.2020 को सबुह से झगड़ा कर हाथ मुक्का लात से मारपीट कर रहा था।



दोपहर कुत्ते के बाहर से भौंकने पर जाकर देखा कमरे में कांति बाई कन्नौजे बैठे हुए हालत में मृत पड़ी थी। घटना के संबंध में आरोपी लक्ष्मी प्रसाद कन्नौजे पिता कन्हैया कन्नौजे उम्र 55 वर्ष निवास पता केलोबिहार राम लाल स्वर्णकार के मकान क्रमांक 58/960 थाना चक्रधरनगर के विरूद्ध अप.क्र. 52/2020 धारा 302 भादंवि दर्ज किया गया। घटना बाद से आरोपी फरार था, जिसे मुखबिर सूचना पर आज गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया, जहां से आरोपी को जेल वारंट पर जेल दाखिल कराया गया है।

## भाइयों और वकील की प्रताड़ना से अधेड़ व्यक्ति ने लगाई थी फांसी

» 02 साल बाद मर्ग जांच पर से दोनों भाइयों व वकील पर अपराध दर्ज

» आरोपी वकील सहित दोनों भाई गिरफ्तार



**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोडा के मर्ग क्रमांक 61/17 धारा 174 जाफौ कि जांच पर पाया गया कि मृतक प्रेमशंकर पिता चिरंजीव प्रसाद महरा उम्र 50 वर्ष साकिन बरौद के तीन भाई कमलाकांत, सुरेश एवं तीर्थराज हैं। प्रेमशंकर 20-25 वर्षो से अपने स्वास्थ्यकर्ता पत्नि बच्चों के साथ ग्राम गिरारी थाना श्यांग जिला कोरबा में रहता था। इसका 4 एकड जमीन ग्राम बरौद में स्थित था जिसे मृतक के बाहर रहने का फायदा उठा कर भाई कमलाकांत ने भाई तीर्थराज के साथ मिली भगत कर मनोज बंसल निवासी रायगढ के पास 10 लाख रूपये में स्वयं प्रेमशंकर महरा बनकर बेच दिया और दोनों 5-5 लाख रूपये बांट लिये। जब प्रेमशंकर को इस फर्जीवाडे की जानकारी हुई तो वकील राकेश बेहरा से संपर्क किया। वकील राकेश बेहरा द्वारा पूरी जानकारी लेने के बाद दोनों भाई तीर्थराज एवं कमलाकांत के 2-2 एकड जमीन स्क्षष्टरु बरौद के भूअर्जन में जाने पर मुआवजा राशि 13 लाख रूपये तीर्थराज को प्राप्त हुआ। तीर्थराज प्राप्त मुआवजा राशि में से रुपए अपने भाई प्रेम शंकर को देना चाहता था।

किंतु वकील राकेश बेहरा उसे बरगलाने लगा कि न्यायालय के जरिये रूपए वापस दिलाया जाएगा और उन रूपयों को प्रेमशंकर को न देकर स्वयं रख लिया और प्रेमशंकर महरा को केश चलेगा फायनल होने पर पैसा वापस मिलेगा बोला। दूसरा भाई कमलाकांत ने इकरारनामा मुताबिक 2 एकड जमीन का पैसा प्रेमशंकर को वापस ही नही किया। प्रेमशंकर अपने वकील राकेश बेहरा से पैसा मांगता था जो पैसा मिलने के 22-23 माह बाद 19.05.17 को व्यवहार न्यायालय घरघोडा में कमलाकांत मनोज बंसल के खिलाफ वाद प्रस्तुत किया। 4-5 बार मृतक को पेशी में बुलाया गया लगातार पेशी गिरारी से आने पर भी पैसा नही मिलने से मृतक हताश होकर सोसाईड नोट लिखकर दिनांक 16.09.17 को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से लोगों के घरों तक पहुंच रही है स्वास्थ्य सुविधाएं- कलेक्टर यशवंत कुमार

» रामलीला मैदान में लगाया गया मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर

» 472 मरीज हुए लाभान्वित, नगर निगम के सफाई कर्मियों की भी हुई जांच

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** राष्ट्रीय शहरी स्वास्थ्य मिशन द्वारा मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत स्पेशल आउटरिच मेगा स्वास्थ्य कैम्प का आयोजन रामलीला मैदान, रायगढ़ में किया गया। स्वास्थ्य कैम्प का शुभारंभ कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने किया। इस दौरान महापौर श्रीमती जानकी काटजू, सभापति श्री जयंत ठेठवार, आयुक्त नगर निगम श्री राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी भी मौजूद रहे। शहर की समाजसेवी संस्था सहयोग की भी आयोजन में भागीदारी रही। इस दौरान कलेक्टर, महापौर तथा अन्य ने अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। इस अवसर पर कलेक्टर श्री यशवंत कुमार ने कहा कि इस योजना का लक्ष्य स्वास्थ्य सुविधाओं को जनसामान्य के घरों तक पहुंचाना है। आज के मेगा कैम्प के द्वारा लोगों की जांच की जाएगी। रोगों की पहचान व इलाज होगा, रिफरल के प्रकरणों को बेहतर इलाज के लिए अस्पतालों में भेजा जायेगा। जिससे मरीजों का प्रभावी इलाज सुनिश्चित किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा वार्ड स्तर पर ही निःशुल्क चिकित्सकीय सुविधा प्रदान करने से लोगों के समय, श्रम व धन की बचत होगी।

### मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज हार्वर्ड विश्वविद्यालय में देंगे व्याख्यान

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल आज हार्वर्ड विश्वविद्यालय में व्याख्यान देंगे। हार्वर्ड के समय अनुसार मुख्यमंत्री वहां 15 फरवरी को दोपहर एक बजकर पांच मिनट से एक बजकर 50 मिनट तक संबोधित करेंगे, वहीं भारतीय समय के अनुसार यह व्याख्यान आज 15 फरवरी को रात्रि करीब 11.30 बजे से शुरू होगा। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल प्रदेश के पहले सीएम हैं, जिन्हें हार्वर्ड विश्वविद्यालय से भारत सम्मेलन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया गया है। आदिवासी बहुल और कृषि प्रधान राज्य होने के नाते मुख्यमंत्री श्री बघेल का हार्वर्ड से निमंत्रण देश और राज्य के लिए गर्व का विषय है। हालांकि श्री बघेल को 'लोकतान्त्रिक भारत में जाति और राजनीति' विषय पर आयोजित चर्चा में आमंत्रित किया गया है, लेकिन वे हाल ही में छत्तीसगढ़ में कृषि व उससे संबन्धित क्षेत्र में हुये अभिनवकारी पहल पर अपने अनुभवों को वहाँ उपस्थित नीति निर्माताओं और शोधकर्ताओं के समक्ष साझा करेंगे। साथ ही वे यहाँ आर्थिक मंदी के दौर में छत्तीसगढ़ में बढ़ी खरीदी सहित अन्य मुद्दों की जानकारी देंगे। हार्वर्ड विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं को प्रदेश की महत्वाकांक्षी योजना नरवा, गरूवा, घुरवा और बारी योजना ने इतना प्रभावित किया है कि उन्होंने प्रदेश में अध्ययन व शोध की अपनी इच्छा भी प्रकट की है।

### सफलता के लिए करें निरंतर प्रयास : सुश्री उइके

» राज्यपाल का राजमाता सिंधिया महाविद्यालय छिंदवाड़ा में अभिनंदन

**रायपुर।** राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने कहा कि जब असफलता मिलती है तो उसे चुनौती मानकर सफलता के लिए निरंतर प्रयास करते रहना चाहिए। सफलता और असफलता जीवन के पहलू है। राज्यपाल आज मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में स्थित राजमाता सिंधिया शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रही थी। उन्होंने इस अवसर पर समस्त बड़े बुजुर्गों और शिक्षकों को नमन किया।

### रबी 2019-20 में बीज वितरण में 34 प्रतिशत वृद्धि

**रायपुर।** बीज उत्पादन के क्षेत्र में राज्य को अग्रणी बनाने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल एवं कृषि मंत्री श्री रविन्द्र चौबे के मार्गदर्शन में बीज निगम उत्तरोत्तर प्रगति की ओर अग्रसर है। प्रदेश में नई सरकार के गठन के उपरांत प्रदेश के किसानों के हित में विभिन्न नीतिगत निर्णय सरकार द्वारा लिए गए है, जिससे प्रदेश के कृषकों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ करने हेतु विशेष प्रयास किए जा रहे है।

### दुग्ध महासंघ के डेयरी उत्पादों की बिक्री में आई 15 प्रतिशत का उछाल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी दुग्ध महासंघ के डेयरी उत्पादों के ब्रिकी में पिछले एक वर्ष में 15 प्रतिशत का उछाल आया है। छत्तीसगढ़ में नई सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए कृषि और इससे जुड़ी गतिविधियों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। और किसानों को उच्च गुणवत्ता के पशु आहार उपलब्ध कराने के लिए नया संयंत्र स्थापना की प्रक्रिया चल रही है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480